प्राचार्या कार्यालय,
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी, नालन्दा - 803115
E- mail: principal.vims.pawapuri@gmail.com *Principal Mob. No- 9939013770*
Website- www.vimspawapuri.org

पत्रांक –...813 पावापुरी, दिनांक ...25.../05/2024

कोटेशन आमंत्रण सूचना

विभागाध्यक्ष, माइक्रोबायोलॉजी विभाग के द्वारा प्राप्त अनुरोध पत्र (पत्रांक 135 दिनांक 11/05/2024) तथा दिनांक 15/05/2024 को आहूत क्रय समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डेंगु, चिकुनगुनिया, HIV, HBV, HCV इत्यादि की जाँच प्रारम्भ करने हेतु निम्नलिखित उपकरण का क्रय किया जाना है –

(1) **ELISA READER (Computer Operated)**

(2) **ELISA WASHER (Automated)**

उपरोक्त के क्रय हेतु निबंधित फर्मों आदि से जो आयकर एवम् GST में निबंधित हों तथा Black listed नहीं हों, से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। कोटेशन में उपकरण, विनिदेश (Specification), कंपनी का नाम, मात्रा, मूल्य, कर आदि का विवरण देना अनिवार्य है। उपकरण की आपूर्ति संस्थान के केन्द्रीय भण्डार में करनी होगी, जिसके लिए अलग से कोई राशि/भाड़ा देय नहीं होगा। समेकित रूप से न्यूनतम दरदाता को क्रयादेश दिया जायेगा।

कोटेशन संस्थान के E Mail - principal.vims.pawapuri@gmail.com/रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/हाथों हाथ द्वारा उपलब्ध कराया जा सकता है। कोटेशन दिनांक **03/06/2024** को अपराह्न **05:00** बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए। उक्त तिथि एवं समय के बाद प्राप्त कोटेशन अमान्य होंगे।

कोटेशन निरस्त करने/तिथि विस्तारित करने एवं अन्य किसी निर्णय लिये जाने का अधिकार क्रय समिति/अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।

Sd/- 25/5/24
प्राचार्या
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान,
पावापुरी, नालन्दा।

ज्ञापांक – ...813... पावापुरी, दिनांक ...25.../05/2024

प्रतिलिपि – विभागाध्यक्ष, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी, नालन्दा को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – श्री संजीव कुमार रंजन, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी, नालन्दा को आदेशित है कि आज ही इस कोटेशन आमंत्रण सूचना को संस्थान के वेबसाइट एवम् सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

Sd/- 25/5/24
प्राचार्या
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान,
पावापुरी, नालन्दा।